सार-समाचार

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

कोटा, (निसं)। कोटा कॉलेज ऑफ फामेर्सी, कोटा परिसर मे मणीपाल हॉस्पिटल जयपुर, के सहयोग से डॉ. अंकित शर्मा एवं गगन जैन के निर्देशन मे जनरल हेल्थ चौकअप केम्प का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और कॉलेज स्टॉफ के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और उनकी नियमित जांच सुनिश्चित करना था। शिविर में अनुभवी स्टॉफ की एक विशेष टीम मौजूद थी। शिविर में रक्तचाप, ई.सी.जी., ब्लड शुगर, आदि की जांच की गई। साथ ही सीपीआर के महत्व पर भी प्रकाश डाला ओर कहा कि यह एक जीवन रक्षक तकनीक है जो दिल की धड़कन रुकने कार्डियक अरेस्ट या सांस रुक जाने पर जान बचा सकती है, क्योंकि यह मस्तिष्क और अंगों तक ऑक्सीजन युक्त रक्त का संचार बनाए रखती है, जिससे ब्रेन डैमेज या मृत्यु से बचा जा सकता हैं। अनेक छात्र-छात्राओं ने बताया कि यह उनके जीवन का पहला अनुभव था जब उन्होंने रक्तचाप, ई.सी.जी, ब्लड शुगर, की जांच करवाई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने न केवल रिपोर्ट सौंपी, बल्कि उन छात्रों को विशेष परामर्श भी दिया, जिनकी रिपोर्ट में कोई असमानता पाई गई उन्हें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन से जुड़ी उपयोगी बातें भी सिखाई गईं। संस्था के चेयरमेन, प्रोफेसर डॉ.आर.ऐ.गुप्ता ने कहा की आज की युवा पीढ़ी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र न केवल पढ़ाई में श्रेष्ठ हों, बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से भी पूरी तरह स्वस्थ रहें। इस दिशा में यह शिविर एक सकारात्मक कदम है और हम आगे भी ऐसे आयोजन करते रहेंगे। इस अवसर पर ओएसिस एज्युकेशनल सोसायटी की प्रेसिडेंट मधु गुप्ता ने कहा की स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। ऐसे शिविरों से न सिर्फ जन जागरूकता बढ़ती हैं, बल्कि छात्रों को समाजसेवा और व्यवहारिक अनुभव भी मिलता है।

निःशुल्क शल्य चिकित्सा शिविर में मिल रहा है रोगियों को लाभ

रामगंजमण्डी, (निसं)। राष्ट्रीय आयुष मिशन व आयुर्वेद विभाग कोटा के तत्वावधान में दस दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद अन्तरंग क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर मेड़तवाल वैश्य समाज भवन जुल्मी रोड रामगंजमण्डी में आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श व औषध वितरण से रोगियों को अधिकाधिक लाभ मिल रहा है।। शिविर प्रभारी डॉ. सुशील बैरागी ने जानकारी दी कि क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर में अर्थ (मस्सा), भगंदर (फिस्टुला), परिकर्तिका (फिशर) के क्षारसूत्र ऑपरेशन हेतु 73 रोगी आज तक पंजिकृत हुये तथा जोड़ों के दर्द, कमर दर्द, सियाटिका, चर्म रोग, श्वांस, मधुमेह, उच्चरक्तचाप, स्त्री रोगों आदि के 921 बहिरंग रोगियों को निःशुल्क चिकित्सीय परामर्थ व औषध वितरण किया गया। सहायक - शिविर प्रभारी डॉ. दीपक आर्य ने बताया कि अग्निकर्म चिकित्सा में डॉ-कपिल सैनी, डॉ. सुप्रीत कौर, डॉ. पूजा मीणा, डॉ. कौशल किशोर शर्मा द्वारा 184 रोगी लाभान्वित हुये। सहायक शिविर-प्रभारी 11 डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि पंचकर्म चिकित्सा में डॉ. नीलम अग्रवाल, डी-नेहा गंगवानी, द्वारा 22 रोगियों को स्नेहन-स्वेदन, रक्तमोक्षण, बस्ती कर्म, कपिंग थेरैपी से लाभावित हुये। बहिरंग विभाग में डॉ. अरविन्द जादौन, डॉ.शत्रुघ्न शर्मा, डॉ. शिवशंकर सोनी, डॉ. मुक्ति शर्मा, डॉ. निरंजन परालिया, डॉ. राकेश वेदवाल व डॉ. अनिता गौतम ने अपनी सेवायें प्रदान की।

बच्चों को स्वेटर वितरित किये

कोटा, (निसं)। वरिष्ठ नागरिक संस्थान द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, थर्मल गेट में लगभग 60 बच्चों को स्वेटर वितरित किया। शाला प्रधानाचार्य बृजराज मालव एवं अन्य स्टॉफ ने इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर वरिष्ठ नागरिक संस्थान के अध्यक्ष टी.पी.एस.सेठी एवं अन्य सभी सदस्यों का स्वागत किया। सेठी ने अपने उद्बोधन में बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि पढ़ाई के अतिरिक्त खेलों में भी अपार संभावनाएं हैं अतः मन लगाकर मेहनत करें। संस्था महासचिव डी.के. अरोड़ा ने बच्चों को स्वस्थ मानसिकता के साथ शिक्षकों और माता-पिता का सम्मान करने की सीख दी और सफलता हेतु कोई शॉर्ट कट न अपनाने का मंत्र दिया। इस अवसर पर संस्था की ओर से डी.एन. भार्गव, ममता, एन.पी. सोनी, चंद्रप्रकाश, अरुण भार्गव, अशोक शुक्ला उपस्थित रहे। डी.एन. भार्गव ने संबोधन और ममता ने भजन प्रस्तुत कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर स्कूल स्टॉफ सीमा मीणा, सुनीता वर्मा, पारेता, एस.एम.सी. प्रेसिडेंट किशन गोपाल, एस.के. चतुर्वेदी, पूर्व प्रधानाचार्य अशोक शुक्ला ने सभी का धन्यवाद किया। स्कूली बच्चे स्वेटर पाकर काफी खुश दिखे और सर्दी से बचाव का साधन पाकर उनके चेहरे पर सुकून दिखा।

जैन शिक्षण संस्कार शिविर, समिति बनाकर सौंपी जिम्मेदारी

रामगंजमंडी (निसं)। जैन श्वेतांबर वर्धमान स्थानकवासी संघ द्वारा आयोजित सात दिवसीय सुधर्म जैन शिक्षण संस्कार शिविर के आयोजन को लेकर सोमवार रात्रि को श्रीसंघ की बैठक में समिति बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई। स्थानक भवन में आयोजित बैठक में श्रीसंघ की बैठक में शिविर की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। समाज के मंत्री अजीत पारख ने बताया कि अखिल भारतीय सुधर्म जैन संस्कृति रक्षक संघ जोधपुर एवं श्री सुधर्म जैन शिक्षण संस्कार सेवा ट्रस्ट इंदौर के तत्वाधान में 34वां अखिल भारतीय शिक्षक प्रशिक्षण एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का शिविर का आयोजन का लाभ रामगंजमंडी श्री संघ को मिला है। शिविर में देश भर से श्रावक श्राविका भाग लेंगे। शिविर संयोजक पचंद लाडवा ने बताया कि शिविर आदर्श विद्या मंदिर गोवर्धनपुरा में आयोजित होने वाले शिविर को लेकर समाज की बैठक में व्यवस्थाओं पर चर्चा कर भोजन, आवास समिति एवं कार्यक्रम प्रभारी बनाए गए नव युवक मंडल, महिला मंडल बहु मंडल को भी जिम्मेदारी सौंपी गई।

धारीवाल ने उर्स मुबारक पर चादर पेश की

कोटा, (निसं)। पूर्व यूडीएच मंत्री एवं कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल कोटा ने अजमेर में उर्स के मौके पर मंगलवार को चादर पेश की हैं। कोटा उत्तर पूर्व उपमहापौर सोनू कुरैशी ने बताया कि हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलैह 814 वें उर्स मुबारक पर चादर व अकिदत के फूल पेश किए है। अजमेर में मोहब्बत और इंसानियत के महान सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के 814वें उर्स मुबारक मौके पर हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलैह की बारगाह में चादर व अकिदत के फूल पेश किए गए। शांति धारीवाल एवं सोनू कुरैशी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने देश में अमन चैन व खुशहाली की दुआ की गई। इस मौके पर गर्वित धारीवाल, पूर्व पार्षद अनिल सुवालका, आबिद कुरैशी, शाहिद मुल्तानी, मौलाना रौनक, विष्णु मेवाड़ा, असलम भाई, कलीम अंसारी, मुकर्रम खान, अशरफ हुसैन, मो. हुसैन, सूफी शहीद हकीमी, मंजूर अरशद खान, सूफी अख्तर, माहिरुल कादरी, सूफी जहीर, अब्दुल शकूर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

राजपूत महासभा ने ज्ञापन दिया

भवानीमंडी, (निसं)। जय भवानी राष्ट्रीय राजपूत महासभा के तत्वावधान में भवानीमंडी एसडीएम को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर सिंह राणा राजपूत मोगरा ने बताया राजस्थान ओर कुछ मध्य प्रदेश के क्षेत्र में रहने वाले राजपूत को सोंधिया शब्द से संबोधित किया जाता है जो क्षेत्र के सभी राजपूतों में भारी रोष है। राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाया जाए राजस्थान प्रदेश महामंत्री पी सिंह राजपूत बताया कि नागेश्वर उन्हेंल से झालावाड़ तक रास्ते में पांच टोल पड़ते हैं इनकी जांच करके अवैध टोल बंद किया जाए एवं भवानीमंडी नगर पालिका द्वारा कचरे के लिए पचपहाड़ स्थित डंपिक यार्ड बनाया गया है उसमें चार दिवारी ना होने से कई गौ माता प्लास्टिक खाकर मर रही है।

खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन

कोटा, (निसं)। प्रगति शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रीको रानपुर में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत दूसरे दिन नींबू चम्मच दौड़, रस्सी कूद, रस्सा कसी, म्यूजिकल चेयर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें छात्राध्यापिकाओं ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान महाविद्यालय का वातावरण जोश और उमंग से भरा हुआ रहा। सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ कल सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जावेगा।

अवैध बजरी स्टॉक पर की गई कार्यवाही

कोटा, (निसं)। माईनिंग विभाग की टीम ने अवैध रूप से की गई बजरी के स्टॉक पर कार्यवाही की है। जानकारी अनुसार टीम ने संपर्क पोर्टल पर शिकायत के बाद श्रीनाथपुरम इलाके में दबिश देकर सरकारी जमीन पर 220 टन अवैध रूप से बजरी का स्टॉक पकड़ा जिस पर 166000 का जुर्माना वसूला।

भ्रष्ट पुलिसकर्मियों को नहीं बख्शा जायेगा : डीजीपी राजीव शर्मा

कोटा, (निसं)। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा मंगलवार को कोटा दौरे पर रहे। कोटा दौरे के दौरान पुलिस महानिदेशक ने पुलिस लाईन का निरीक्षण करते हुए कानून व्यवस्था, पुलिस कल्याण और जनसुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की।

पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने पुलिसकर्मीयो और अधिकारियों को संदेश देते हुए कहा कि उन्हें अपना काम निष्पक्षता से बिना किसी भ्रष्टाचार के करना चाहिये, उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में भ्रष्ट पुलिसकर्मीयो को नही बख्शा जायेगा। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखते हुए जीरो टॉलरेंस की निति पर काम किया जा रहा हैं। डीजीपी राजीव शर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस कार्मिकों के दफ्तर या थाने में व्यवहार को लेकर शिकायत आना बहुत गंभीर है, आमजन के साथ गलत व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करेंगे। डीजीपी ने कहा कि पुलिस लाईन में आयोजित संपर्क सभा में साथियों को बताया है कि आम आदमी के साथ हमारा किस तरह का व्यवहार होना चाहिऐं अगर पुलिस थाने में कोई व्यक्ति आ जाऐं तो उसे तत्काल मदद मिलनी चाहिऐं। उन्होंने कहा कि ऐसा माहौल होना चाहिऐं कि पुलिस थाने में आने से पहले किसी व्यक्ति को सोचना नहीं पड़े, हम प्रयासरत् हैं कि जनता को पुलिस थाने में फ्रेंडली वतावरण मिलें।

■ भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का संदेश दिया

पुलिस लाईन में आयोजित संपर्क सभा को पुलिस महानिदेश राजीव शर्मा ने संबोधित किया। साथ में अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

साईबर अपराध और ड्रग्स पर लगाम लगाना फोकसः- डीजीपी राजीव शर्मा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, साईबर अपराध और ड्रग्स पर लगाम लगाना हमारा सीधा फोकस है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से चुनौतियां बढ़ रही हैं, नई-नई तकनीक आ रही हैं, साईबर अपराध हो रहे हैं इनको किस तरह से अनुसंधान करना है, इन सभी के संबंध में विशेष ट्रेनिंग की जरूरत होती हैं। केंद्र सरकार की विशेष संस्था के जरिए भी ट्रेनिंग कर रहे हैं कि साईबर थाने में अच्छे प्रशिक्षण वाले लोग हों प्रत्येक थाने में दो से तीन लोग ऐसे हों जो साईबर अपराध की इन्वेस्टिगेशन की बेसिक तकनीक से अवगत हों। साईबर क्राइम के लिए 1903 हेल्पलाईन को मजबूत करने का प्रयास कर रहे है, इसमें स्टॉफ को बढ़ा रहे हैं ताकि कॉल जल्दी से अटेंड हो और पीड़ित को त्वरित रिस्पांस किया जाऐं। चाकूबाजी की घटनाओं पर डीजीपी ने कहा कि सभी मामलों की समीक्षा कर प्रभावी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी अपराध में नाबालिग का इस्तमाल किया तो दोषी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

कोचिंग स्टूडेंट के लिए हेल्पलाईनः- डीजीपी राजीव शर्मा ने कोटा कोचिंग स्टूडेंट के लिए कहा कि बच्चों की काउंसलिंग से लेकर अलग एक प्रकोष्ठ यहां पर काम कर रहा है। पुलिस कोचिंग स्टूडेंट के मामले में काफी सक्रिय हेल्पलाइन भी यहां पर चला रही हैं, इसमें काफी काम हुआ है। उसमें समय-समय पर नए और जरूरत के अनुसार काफी कुछ बदलाव भी किए हैं। उन्होने कहा कि नए कानून के संबंध में आम जनता से लेकर सभी लोगों को जागरूक किया जा रहा है, इसमें पुलिस की अकाउंटबिलिटी बढ़ गई है। उन्होने कहा कि पुलिस थानों और ऑफिस में साप्ताहिक अवकाश समय से मिले, इस संबंध में भी निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस महानिदेशक ने कोटा दौरे के दौरान पुलिस लाईन में नई लाईब्रेरी का उद्घाटन किया और कोटा, बूंदी व झालावाड़ की संयुक्त प्रदर्शनी का लोकार्पण किया, प्रदर्शनी में पुलिस द्वारा सामने आये विभिन्न मामलो में की गई कार्यवाही को दर्शाया गया, साथ ही नये कानून पर आधारित विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। पुलिस महानिदेशक ने पुलिस सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। पुलिस महानिदेशक के साथ अतिरिक्त महानिदेशक हवा सिंह घुमरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का सामूहिक वन्दे मातरम् गान

कोटा, (निसं)। देश में जहां एक ओर वन्दे मातरम् को लेकर बहस छिड़ी हुई है वहां मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के क्षेत्रीय सह संयोजक इरशाद अली ने दलगत राजनीति से उठकर सामूहिक वन्दे मातरम् गान का आयोजन किया जिसमें शहर के सभी धर्मों और सम्प्रदायों के लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में इरशाद अली ने कहा वाल्मिकी रामायण में कहा गया है कि 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरियसि' यानि जन्म देने वाली और जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान है। इसी प्रकार इस्लाम में कहा गया है 'हुब्बुल वतन, मिन अल ईमान' यानि वतन परस्ती ईमान का हिस्सा है। इसी प्रकार 'अल जन्नतु तअत-कुदामिल उम्हात' यानि जन्नत मां के कदमों के नीचे है। यानि कोई भी मजहब हो, कोई भी सम्प्रदाय हो माता और मातृभूमि को पूजनीय ही माना गया है। उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम् शुद्ध रूप से हमारी जन्मदात्री भारत भूमि की आराधना है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री विनोद कुमार पुरसवानी आत्मज श्री हीरालाल पुरसवानी, श्री सर्वेश पुरसवानी एवं श्री त्रिलोक पुरसवानी आत्मज श्री विनोद कुमार पुरसवानी, निवासीगण आवास संख्या 1-ग-26, दादाबाड़ी, कोटा द्वारा श्री सुनील कुमार गेहानी आत्मज श्री रमेश कुमार गेहानी के स्वामित्व का एक आवासीय भूखण्ड संख्या डी-38-ए/2, न्यू कॉलोनी गुमानपुरा, कोटा पैमायशी 1600 वर्गफुट को क्रय करने के लिए आई.डी.बी.आई बैंक शास्त्रा गुमानपुरा, कोटा से ऋण प्राप्त किया जा रहा है।

यह कि श्री सुनील कुमार गेहानी आत्मज श्री रमेश कुमार गेहानी ने उक्त सम्पत्ति भूखण्ड संख्या डी-38-ए/2 जिस भूखण्ड संख्या डी-38 (पैमायशी 3100 वर्गफुट) का भाग है, का क्रय श्रीमती कंचन असरानी से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.02.2025 से किया था। उक्त भूखण्ड नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा भूखण्ड संख्या डी-38-ए/1 व डी-38-ए/2 में उप-विभाजित कर दिया गया था।

यह कि श्री विनोद कुमार पुरसवानी आत्मज श्री हीरालाल पुरसवानी, श्री सर्वेश पुरसवानी एवं श्री त्रिलोक पुरसवानी आत्मज श्री विनोद कुमार पुरसवानी द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय करके आई.डी.बी.आई. बैंक, शाखा गुमानपुरा, कोटा में रहन रखकर ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त सम्पत्ति को रहन करने के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 3 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

कमल गुप्ता, एडवोकेट
एम.पी.ए.53 महावीर नगर द्वितीय, कोटा
मो. 9414288889,9782799499

कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां

क्रमांकः-न.पा.छ./2025/3647 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांकः-22.12.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षैत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम	खसरा सं.	स्थान/कालोनी का नाम	भूखंड सं.	क्षेत्रफल वर्गफीट
1	श्री राजमल सोनी पुत्र श्री मोहनलाल सोनी जाति सुनार निवासी छबड़ा तह. छबड़ा जिला (बारां)	615	आनन्द विहार कालोनी छबड़ा	119	(52+69/2)x (71.6+104.6/2) =5330

नोटः- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा

एलन शिक्षा संबल अभियान के तीसरे सत्र के रजिस्ट्रेशन शुरू

कोटा, (निसं)। एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राईवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में संचालित एलन शिक्षा संबल अभियान निःशुल्क नीट कोचिंग के तीसरे सत्र की प्रवेश प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। एलन परिवार के पितृ पुरुष लक्ष्मीनारायण माहेश्वरी की पुण्यतिथि के अवसर पर यह शुरुआत की गई। एलन के निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने संकल्प कैम्पस में वीडियो बटन दबाकर व पोस्टर विमोचन कर यह शुरुआत की। इच्छुक विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत उत्तर भारत के हिन्दी भाषी प्रदेशों के सरकारी स्कूलों के चयनित 126 विद्यार्थियों को नीट-यूजी के लिए निःशुल्क कोचिंग के साथ-साथ निशुल्क आवास व भोजन भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसमें 81 छात्राएं एवं 45 छात्र शामिल हैं।

योजना के तहत एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से कोटा में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की एक साल के लिए निशुल्क कोचिंग (100 प्रतिशत स्कॉलरशिप) दी जा रही है। वहीं एल.एन.माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से इन विद्यार्थियों के निःशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था भी की जा रही है। निदेशक नवीन माहेश्वरी ने बताया कि पिता एलएन माहेश्वरी ने हमेशा शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

■ एलन कोटा देगा सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को नीट की निःशुल्क कोचिंग

■ एलन कोटा में 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप के साथ नीट की निःशुल्क कोचिंग

वे बच्चों की पढ़ाई के प्रति बहुत सरोकार रखते थे और इसके लिए मदद भी किया करते थे। इन्हीं संस्कारों से प्रेरित होकर, उनके विचारों को आगे बढ़ाते हुए यह पहल शुरू की गई है।

ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों तक शिक्षा का उजियारा पहुंचाते हुए उनके सपने सच करना ही ध्येय है। शिक्षा संबल योजना के तहत मध्य भारत के राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड राज्यों के हिन्दी माध्यम के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शन की वरीयता के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की तैयारी के लिए चुना जाता है।

विद्यार्थियों को एलन कोटा के बारां रोड़ नया नोहरा स्थित सुपथ कैम्पस में निशुल्क कोचिंग दी जाती है। एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से निकट के हॉस्टल्स में निःशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था की जाती है। पहले वर्ष में 105 विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा दी, जिसमें से 103 ने नीट क्वालीफाई किया। दो स्टूडेंट्स राजकीय मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत हैं।

दो दिवसीय मिलन समारोह

कोटा, (निसं)। जीवन की व्यस्त दिनचर्या में पीछे छूट गई कॉलेज जीवन की अमूल्य स्मृतियों को पुनः जीवंत करने के उद्देश्य से राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, कोटा के सत्र 1976-79 के पूर्व विद्यार्थियों द्वारा 21 एवं 22 दिसंबर 2025 को स्वर्णिम मित्रता वर्ष 2025 के अंतर्गत एक भव्य एवं आत्मीय दो दिवसीय मिलन समारोह का आयोजन बूंदी रोड़ स्थित धनवा रिजॉर्ट में किया गया।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांकः2360 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-14.11.25

आवास संख्या 3-ए-18 महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री माँगीलाल पीपल्या पुत्र श्री भैरूलाल पीपल्या को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री माँगीलाल पीपल्या पुत्र श्री भैरूलाल पीपल्या द्वारा दिनांक 30.09.1999 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री माँगीलाल पीपल्या पुत्र श्री भैरूलाल पीपल्या की मृत्यु दिनांक 26.03.2019 एवं इनकी पत्नी श्रीमती मांगी बाई की मृत्यु 17.02.2012 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानो में श्री भरत कुमार पीपल्या एवं रघुनन्दन पीपल्या पुत्रान स्व. श्री मांगी लाल पीपल्या द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-ए-18 महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री भरत कुमार पीपल्या एवं रघुनन्दन पीपल्या पुत्रान स्व.श्री मांगी लाल पीपल्या के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री भरत कुमार पीपल्या एवं रघुनन्दन पीपल्या पुत्रान स्व.श्री मांगी लाल पीपल्या के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री भरत कुमार पीपल्या एवं रघुनन्दन पीपल्या पुत्रान स्व.श्री मांगी लाल पीपल्या के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण विज्ञप्ति

क्रमांकः एफ 7/डी.टी.पी./2025/339-44 दि. 22.12.2025

राज्य सरकार द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के बनाये गए नियमों/प्रपत्रों के अन्तर्गत एवं राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के क्रम में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भू-उपयोग परिवर्तन प्रकरण, भू-उपयोग परिवर्तन करने हेतु कोटा विकास प्राधिकरण मे विचाराधीन है, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है, के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस मे कोटा विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जा सकेगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड सं./ योजना का नाम	योजना /मास्टर प्लान अनुसार भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षैत्रफल
1.	श्री नरवर सिंह सिसोदिया पुत्र श्री राम सिंह सिसोदिया	भूखण्ड संख्या 5, (खसरा नं.307) योजना वसुन्धरा विहार ग्राम बोरखेड़ा, कोटा	आवासीय	व्यवसायिक	170.07 वर्गमीटर

सचिव कोटा विकास प्राधिकरण

नाम परिवर्तन

पूर्व में मेरा नाम मंसूरी बैगम था जिसे बदलकर मैने बैगम मंसूरी पत्नी श्री मुन्ना खान मंसूरी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे, पताः निवासी 6 वी 13, मेहराज हाउस, गली नं. 2. दुर्गा नगर नांता मार्ग, कुन्हाड़ी, कोटा, 324008

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक : 717 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक : 12.12.25

प्राधिकरण कोटा की विवेकानन्द नगर आवासीय योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 606 का आवंटन/विक्रय/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 18.02.2002 को श्रीमती वीना माथुर पत्नी श्री रामेश्वर प्रसाद को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री प्राजूल कंजोलिया पुत्र श्री सत्येन्द्र कंजोलिया द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23.02.2024 को श्रीमती फोरन्ती मीणा पत्नी श्री हंसराज मीणा को विक्रय कर दिया गया है क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 606 योजना विवेकानन्द नगर आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती फोरन्ती मीणा पत्नी श्री हंसराज मीणा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

रैन बसेरों का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीता चौधरी ने नगर निगम द्वारा शहर में स्थापित रेनबसेरों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थाई रैन बसेरा नयापुरा बस स्टेण्ड, अस्थाई रैन बसेरा कुन्हाड़ी फ्लाई ओवर एवं अस्थाई रैन बसेरा नाग नागिन मन्दिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण सचिव ने आश्रय लेने वाले राहगीरों, आश्रितों के लिए की जानी वाली व्यवस्थाओं, आश्रय स्थल में ठहरने की क्षमता, मौसमानुकूल समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं, रजाई, कम्बल की पर्याप्त उपलब्धता, पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, महिला एवं पुरूष के लिए पृथक व्यवस्था, स्नान के लिए मौसमानकुल पानी की व्यवस्था, नियमित विद्युत सप्लाई, पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था, फर्स्ट एड बॉक्स इत्यादि की जानकारी दी।

उन्होंने अग्निरक्षण प्रणाली की स्थापना, रोग वाहक कीट नियंत्रण तंत्र की स्थापना, न्यूनतम दरों पर भोजन, 02 वर्ष से छोटे बच्चों के लिए भोजन की उपलब्धता, बेघर परिवार को यथा संभव एक साथ ठहराने की व्यवस्था, विशेष योग्यजनों, विमंदितों, बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यकतानुसार विशेष सुविधाओं की उपलब्धता, बीमार व्यक्तियों को समुचित चिकित्सा व्यवस्था, आश्रय स्थलों के प्रचार-प्रसार, केयर टेकर की उपलब्धता का भी निरीक्षण किया।

खोया पाया

मेरे पिताजी स्व. श्री नन्द